
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

# 2024

23 अगस्त 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

योग्यता आपको शीर्ष पर पहुंचा सकती है लेकिन आपको वहाँ बनाए रखने के लिए चरित्र की आवश्यकता होती है।

**जॉन वुडन**



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 23 अगस्त

1. **दास व्यापार की स्मृति तथा इसके उन्मूलन हेतु अंतर्राष्ट्रीय दिवस–** गुलामी का जीवन दु:खों से भरा होता है। कोई भी मनुष्य या जीव गुलाम होकर नहीं रहना चाहता। हैती नामक देश ने दास व्यापार तथा दास प्रथा को 23 अगस्त, 1791 ई. से समाप्त करने की घोषणा की थी। उसी के स्मृति में पूरे विश्व से दास प्रथा को समाप्त करने के लिए यूनेस्को द्वारा प्रतिवर्ष 23 अगस्त को 'इंटरनेशनल डे फॉर द रिमेम्बरेंश ऑफ द स्लेव ट्रेड एंड इट्स एबोलिशन' मनाया जाता है।

2. **आरती साहा का निधन–** आरती साहा भारत तथा एशिया की पहली महिला तैराक थी जिन्होंने इंग्लिश चैनल को तैरकर पार किया। इंग्लिश चैनल अटलांटिक महासागर की एक शाखा है जो ग्रेट ब्रिटेन को उत्तरी फ्रांस से अलग करती है और उत्तरी सागर को अटलांटिक सागर से जोड़ती है। यह तकरीबन 560 किमी. लम्बी और 240 किमी. चौड़ी है। आरती साहा ने 29 सितम्बर, 1959 ई. को 42 मील की यह दूरी 16 घंटे 20 मिनट में तय की थी। वर्ष 1960 में उन्हें पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आरती साहा का निधन पीलिया रोग से ग्रसित होने के कारण 23 अगस्त, 1994 ई. को कोलकाता में हो गया।



**आरती साहा**

24 सितंबर 1940–23 अगस्त 1994

Friday

/teachersofbihar

Madhu priya

# दिवस विशेष

23 अगस्त

मधु प्रिया

# आरती साहा का निधन 23 अगस्त



आरती साहा का जन्म **24** सितंबर सन **1940** को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में हुआ था। उनका संबंध एक साधारण बंगाली हिंदू परिवार से था उनका पूरा नाम आरती साहा गुप्ता है। उनके पिता का नाम पंचुगोपाल साहा था। आरती अपने पिता की तीन संतानों में दूसरी और दो बहनों में बड़ी थी। उनके पिता सशस्त्र बल में एक साधारण कर्मचारी थे जब आरती ढाई साल की थी तभी उनकी माता का देहांत हो गया। उनके बड़े भाई छोटी बहन भारती को मामा के यहां रखा गया जबकि आरती अपनी दादी के पास रही। आरती साहा की तैराकी प्रतिभा को सचिन नाग ने पहचाना और उसे तरासने का काम शुरू किया। साल **1949** में आरती ने अखिल भारतीय रिकार्ड सहित राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिताओं को जीता। उन्होंने साल **1952** में हेल सिंकी ओलंपिक में भी भाग लिया। **1960** में आरती साहा को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। पद्मश्री प्राप्त करने वाले वे पहली भारतीय महिला खिलाड़ी थी। भारतीय डाक विभाग भी उनके जीवन से महिलाओं को प्रेरित करने के लिए **1998** में एक डाक टिकट जारी किया था। आरती साहा का निधन **23** अगस्त **1994** को पश्चिम बंगाल में हुआ। उनकी मौत की वजह पीलिया को माना जाता है, लेकिन मौत से पहले वह अपने जीवन को अपने उपलब्धियों से अमर बना चुकी थी।

# जयंती विशेष 23 अगस्त

राकेश कुमार




**राजकुमार शुक्ल** *Raj Kumar Shukla*, जन्म: 23 अगस्त, 1875 - मृत्यु: 20 मई, 1929) भारत के स्वतंत्रता संग्राम के समय बिहार के चंपारण के निवासी और स्वतंत्रता सेनानी थे। ये राजकुमार शुक्ल ही थे जिन्होंने गांधीजी को चंपारण आने को बाध्य किया और आने के बाद गांधीजी के बारे में मौखिक प्रचार करके सबको बताया ताकि जनमानस गांधी पर भरोसा कर सके और गांधी के नेतृत्व में आंदोलन चल सके।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 23.08.2024

## व्याकरण अनुवाद विधि

व्याकरण-अनुवाद विधि विदेशी भाषाओं को पढ़ाने की एक विधि है जो प्राचीन ग्रीक और लैटिन पढ़ाने की शास्त्रीय (कभी-कभी पारंपरिक भी कहा जाता है) विधि से ली गई है। व्याकरण-अनुवाद कक्षाओं में, छात्र व्याकरण संबंधी नियम सीखते हैं और फिर लक्ष्य भाषा और मूल भाषा के बीच वाक्यों का अनुवाद करके उन नियमों को लागू करते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar




**वियतनाम में दुनिया का पहला गोल्ड प्लेटेड होटल खुला है। इस होटल के गेट, टॉयलेट सीट, दीवारें, कमरे और यहां तक कि कॉफी कप भी सोने से बने हैं।**

# घुड़सवारी

## वास्वी खैतान ने जीती FEI टुएटो राइजिंग स्टार्स चैंपियनशिप: बनी पहली भारतीय घुड़सवार, जर्मनी के हेगन में बजा भारत का राष्ट्रगान





भारत की युवा घुड़सवार वास्वी खैतान ने जर्मनी के हेगन ATW में पर आयोजित FEI टुएटो राइजिंग स्टार्स चैंपियनशिप 2024 का खिताब जीत लिया है। वह इस चैंपियनशिप को जीतने वाली पहली भारतीय घुड़सवार बन गई हैं।


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
QUIZ TIME
Today's Quiz
Quiz Number 451
पोलैंड देश की मुद्रा का क्या नाम हैं ?
A. लीरा
B. पाउंड
C. यूरो
D. पोलिश ज़्लोटी
www.teachersofbihar.org


23 अगस्त
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
स्वतंत्रता सेनानी
राजकुमार शुक्ल
23 अगस्त 1875 - 20 मई 1929
जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

23 अगस्त



भारत एवं एशिया की पहली महिला इंग्लिश चैनल पार करने वाली प्रसिद्ध तैराक

# आरती साहा

की पुण्यतिथि पर नमन।



24 अगस्त 1940 – 23 अगस्त 1994

Madhu priya



23 अगस्त

भारत की प्रथम महिला तैराक

पद्मश्री से सम्मानित

# आरती साहा

की पुण्यतिथि पर सादर नमन

24 सितंबर 1940 - 23 अगस्त 1994

Punita Kumari

www.teachersofbihar.org

23 अगस्त

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



## महान स्वतंत्रता सेनानी एवं चंपारण सत्याग्रह के प्रमुख

# राजकुमार शुक्ल

## की जयंती पर उन्हें शत्-शत् नमन

23 अगस्त 1875 - 20 मई 1929

Punita Kumari